भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ।

विज्ञापन संख्या :102/भा.संविवि–5(1)/2011., दिनांक 18 अप्रैल, 2024

अस्थायी कार्यशाला हेतु अस्थायी शिक्षक विज्ञापन

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संगीत एवं कला के प्रति अभिरूचि उत्पन्न किये जाने हेतु दिनांक 15 मई, 2024 से 22 जून, 2024 तक प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत, लोकगीत, तबला, पखावज,ढोलक, सितार,वायलिन,वेस्टन गिटार, बाँसुरी, हारमोनियम/कीबोर्ड, कथक नृत्य, भरतनाट्यम्, लोक नृत्य, मणिपुरी नृत्य, ओडिसी नृत्य, पेन्टिंग एवं क्ले मॉडलिंग की कार्यशाला संचालित किये जाने हेतु कार्यशाला अवधि के लिये अस्थायी शिक्षकों की आवश्यकता है। कार्यशाला में प्रशिक्षण कार्य हेतु आयोजित साक्षात्कार में चयनित प्रशिक्षक को उक्त अवधि का पारिश्रमिक रू0 8,000/– एक मुश्त भुगतान किया जायेगा।

उक्त कार्यशाला में शिक्षकों का Walk in Inetrview के माध्यम से साक्षात्कार दिनांक 24 व 25 अप्रैल, 2024 को अपरान्ह 12:30 से 03:00 बजे तक सम्पादित की जायेंगी, इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ बायोडाटा एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित निर्धारित समय एवं तिथि पर उपस्थित होने का कष्ट करें । कार्यशाला अवधि के लिये निम्नलिखित विधाओं में शिक्षकों की आवश्यकता है :–

क्र.सं.	विषय	संख्या
1	शास्त्रीय गायन	01
2	सुगम संगीत	01
3	तबला,	01
4	पखावज	01
5	, सितार,	01
6	वायलिन	01
7	बाँसुरी,	01
8	हारमोनियम/कीबोर्ड,	01
9	कथक नृत्य,	01
10	भरतनाट्यम्,	01
11	मणिपुरी नृत्य,	01
12	ओडिसी नृत्य,	01
13	पेन्टिंग	01
14	वेस्टन गिटार	01
15	लोकगीत,	01
16	,ढोलक	01
17	लोक नृत्य,	01
18	क्ले मॉडलिंग	01

चयन प्रक्रिया पूर्णतया मेरिट व साक्षात्कार के आधार पर निर्धारित मापदंडो के अनुसार की जायेगी।

क्रम संख्या– 01 से 13 तक की अर्हता निम्नवत् है :–

1. स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55% अंक। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के अंको में 5% की छूट मान्य होगी। ग्रेडेड कलाकार (आकाशवाणी/दूरदर्शन)

क्रम संख्या– 14 से 19 तक की अर्हता निम्नवत् है :–

1. स्नातक/विशारद/समकक्ष /डिप्लोमा परीक्षा में न्यूनतम 55% अंक प्राप्त। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के अंको में 5% की छूट मान्य होगी।

- उक्त साक्षात्कार के समय प्रर्दशन आवश्यक होगा।
- उक्त साक्षात्कार की तिथि में परिवर्तन की सूचना भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ की वेबसाइट www.bhatkhandeuniversity.ac.in पर सूचित की जायेंगी।

नोट :– **किसी भी शिक्षक को तभी आमंत्रित किया जायेगा जब कार्यशाला में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 05 से अधिक होगी।**